# कार्यालयः महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।

संख्याः–एमई–3/डीएमएमसीएच/2016/ लखनऊःदिनांकः 18 जुलाई, 2016

## आल इण्डिया डी0एम0/एम0सी0एच0–2016 की प्रथम काउंसिलिंग

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा दिनांक–10 जुलाई, 2016 को सम्पन्न आल इण्डिया डी0एम0/एम0सी0एच0 प्रवेश परीक्षा–2016 में चयनित अभ्यर्थियों को पाठ्यक्रम/कालेज आवंटन हेतु **काउंसिलिंग दिनांक–26 जुलाई, 2016 को प्रातः 10:00 बजे से चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय, छठा तल–जवाहर भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ** में आयोजित की गयी है।

काउंसिलिंग सम्बन्धी विवरण निम्नवत् हैः–

| कमांक | पाठ्यकम | तिथि एवं समय | आमंत्रित अभ्यर्थी, मेरिट वाइज |
|---|---|---|---|
| | **डी0एम0 पाठ्यकम** | **दिनांक–26 जुलाई, 2016 (मंगलवार) को प्रातः 10.00 बजे से** | |
| 1 | डी0एम0कार्डियोलॉजी | | 1 से 32 तक |
| 2 | डी0एम0न्यूरोलॉजी | | 1 से 18 |
| 3 | डी0एम0इन्डोकाइनोलॉजी | | 1 से 4 |
| 4 | डी0एम0 जीरियाट्रिक्स मेन्टल हेल्थ | | अर्ह अभ्यर्थी |
| 5 | डी0एम0 गैस्ट्रोइन्ट्रोलॉजी | | 1 से 4 |
| 6 | डी0एम0 रयूमोटोलॉजी | | 1 से 6 |
| | **एम0सी0एच0 पाठ्यकम** | **मध्याह्न 1:30 बजे से** | |
| 7 | एम0सी0एच0 न्यूरोसर्जरी | | 1 से 12 |
| 8 | एम0सी0एच0 प्लास्टिक सर्जरी | | 1 से 12 |
| 9 | एम0सी0एच0 सी0टी0वी0एस0 | | अर्ह अभ्यर्थी |
| 10 | एम0सी0एच0 पीडियाट्रिक सर्जरी | | 1 से 6 |
| 11 | एम0सी0एच सर्जिकल गैस्ट्रोएन्ट्रोलॉजी | | 1 से 6 |
| 12 | एम0सी0एच0 सर्जिकल अंकोलॉजी | | 1 से 12 |
| 13 | एम0सी0एच0 यूरोलॉजी | | 1 से 18 |

आमंत्रित अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वह अपने डी0एम0/एम0सी0एच0 प्रवेश परीक्षा हेतु निर्गत् प्रवेश पत्र, पहचानपत्र, सभी मूल शैक्षिक अभिलेख/प्रमाणपत्र (जैसा कि प्रवेश परीक्षा के ब्रोशर में उल्लिखित है) एवं उनकी एक–एक छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर काउंसिलिंग हेतु उपस्थित हों। अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के समय काउंसिलिंग फीस के रूप में रू0 1000/–तथा सिक्योरिटी धनराशि के रूप में **रू0 30,000/– का बैंक ड्राफ्ट** जो कि **महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ** के पक्ष में देय हो, प्रस्तुत करना होगा।

( वी0एन0 त्रिपाठी )
**महानिदेशक**

संख्याः–एमई–3/2016/ 1841–45 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–2.

2– कुल सचिव, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।

3– अधिष्ठाता, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ, प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, कानपुर, मेरठ एवं इलाहाबाद तथा निदेशक, हृदय रोग संस्थान, कानपुर एवं निदेशक, डा0 आर0एम0एल0 इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त तिथि, स्थान एवं समय पर प्रवेश समिति के सदस्य के रूप में उपस्थित होकर काउंसिलिंग पूर्व **आवश्यक विचार–विमर्श हेतु प्रातः 10:00 बजे आयोजित प्रवेश समिति की बैठक में तथा काउंसिलिंग के दौरान अपना महत्वपूर्ण योगदान** प्रदान करने का कष्ट करें। साथ ही आपके कालेज/विश्वविद्यालय/संस्थान में उपलब्ध मान्यताप्राप्त/अनुमत सीटों की अद्यतन सूचना भी साथ लाने का कष्ट करें।

4– डा0 आशीष वाखलू, चीफ कोआर्डीनेटर, आल इण्डिया डी0एम0/एम0सी0एच0 प्रवेश परीक्षा,–2016, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि आल इण्डिया डी0एम0/एम0सी0एच0–2016 प्रवेश परीक्षा परिणाम सहित उपरोक्त सूचना को चिकित्सा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल प्रदर्शित कराने का कष्ट करें। प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित आवश्यक अभिलेख, ओ0एम0आर0 शीट इत्यादि काउंसिलिंग के समय उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

5– प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, कानपुर, आगरा, इलाहाबाद, मेरठ, झॉसी, गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, कन्नौज, आजमगढ़, जालौन एवं सहारनपुर तथा कुल सचिव, उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वह इस सूचना को अपने मेडिकल कालेज/विश्वविद्यालय की नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।

( वी0एन0 त्रिपाठी )
**महानिदेशक**